हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 19 मई 2025

तापमान
अधिकतम 45.3 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

12 मुख्य अभियंता ने विकास कार्यों का किया मुआयना



12 सेना के सम्मान में शिविर, 72 ने किया रक्तदान



## खबर संक्षेप

### कातिलाना हमले के चार आरोपी गिरफ्तार किए

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस टीम ने गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में चार आरोपियों गौरव उर्फ गौरी निवासी सिद्धार्थ नगर, विक्की उर्फ पपू निवासी हरि नगर, निमीश उर्फ नींबू निवासी सुभाष कॉलोनी व अजय निवासी अर्जुन नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिल कर कुलशल पाल निवासी सैनी कालोनी पर जान लेवा हमला किया था। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि इस मामले में मनजीत निवासी सैनी कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है।

### वाशिंग मशीन में करंट लगने से युवती की मौत

**पानीपत।** पानीपत के वार्ड 11 में बिजली चलित वाशिंग मशीन में कपडे.धो रही आयशा की करंट लगने से मौत हो गई। आयशा के भाई समीर ने बताया कि आयशा, सलारगंज गेट क्षेत्र में दुकान पर काम करती थी और किराये के मकान में रहती थी। इधर, मकान मालिक ने दूसरे किरायेदार के कमरे तक लाइट देने के लिए जुगाड़ कर एक कटी तार का इस्तेमाल किया और इस तार के संपर्क में आयशा की मौत हुई।

### जानलेवा हमला करने के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना सनौली पुलिस टीम ने नवादा आर से सनौली रोड पर बाइक सवार दो चचेरे भाइयों राजेश व सुनील का रास्ता रोककर गंडास, लाठी व डंडों से जानलेवा हमला करने के तीन आरोपियों अमनजीत उर्फ अमन, राकेश निवासी गांव नवादा आर व गांव तामशाबाद निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है। थाना सनौली प्रभारी सब विनोद ने बताया कि पूछताछ में तीनों आरोपियो ने जानलेवा हमला करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है।

# ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की अद्भुत रणनीति साहस व देशभक्ति का प्रतीक : श्याम सिंह राणा

## ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को लेकर रादौर में तिरंगा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के अंतर्गत रविवार को रादौर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। तिरंगा यात्रा रादौर की अनाज मंडी से शुरु होकर कस्बा के प्रमुख मार्गों व मेन बाजार से होते हुए अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा के समापन पर मुख्यातिथि एवं हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की अद्भुत रणनीति, साहस और देशभक्ति का प्रतीक है। यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मबल का संदेश है। हमारी सेना ने जिस प्रकार इस अभियान को अंजाम दिया है। उस पर पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक मजबूत और निर्णायक छवि बनाई है। ऑपरेशन सिंदूर इसी नीति का परिणाम है। जिसमें आतंक और दुश्मन ताकतों को करारा जवाब दिया गया है।

- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने तिरंगा यात्रा का किया नेतृत्व

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आज का दिन राष्ट्रभक्ति के जज्बे और बलिदान की भावना को सच्ची श्रद्धांजलि देने का अवसर है। हम यहां तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन महान सपूतों को नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं। जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की रक्षा की और चार दिनों में ही पाकिस्तान को घुटनों पर लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि वे उन वीर सैनिकों को नमन करते हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की वीर भूमि से लाखों जवान भारत माता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे गांव गांव के जवान वीरता की मिसाल बन चुके हैं। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सीजफायर की बात हुई तो भारत ने फिर संयम और शांति की मिसाल पेश की। वह केवल एक सैन्य निर्णय नहीं, बल्कि मानवीयता की ओर उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का ही परिणाम है कि आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जा रही है। सेना का सशक्तिकरण किया गया है और दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने युवाओं से अपील की कि वे देश की एकता और अखंडता के लिए सदैव तत्पर रहें और भारत के भविष्य निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। तिरंगा यात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।






**यमुनानगर।** रादौर में तिरंगा यात्रा के दौरान संबोधित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व भाग लेते कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, नपा चेयरमैन रजनीश मेहता, रामनिवास गर्ग, नेपाल राणा व चेयरमैन ब्लॉक समिति रादौर विपिन कांबोज और चेयरमैन कोऑपरेटिव बैंक धर्म सिंह बंसल आदि मौजूद रहे।

## अंबाला कैंट की सड़कों पर तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

# देशभक्ति के गीतों पर जमकर झूमे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए हिंदुस्तान का आगाज हो रहा है। हम हिंदुस्तानी पूरी तरह से अपनी सेनाओं को अपना समर्थन देते हैं। उनके आगे नतमस्तक होते हैं। सैनिकों के सम्मान में रविवार को अंबाला छावनी में तिरंगा यात्रा निकाली गई है। विज छावनी में भारतीय सेनाओं के सम्मान में आयोजित की गई तिरंगा यात्रा में विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

- हर हिंदुस्तानी भारतीय सेनाओं के आगे नतमस्तक : अनिल विज

भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान पर सटीक हमला कर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में मिली जीत व सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था जिसमें हर वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने ने कहा कि अंबाला छावनी की देशभक्त जनता सड़कों पर तिरंगा लेकर जांबाज सिपाही जिन्होंने पाकिस्तान के दांत खट्टे किए हैं उन्हें नत्मस्तक होने के लिए, उनका सम्मान करने और उन्हें यह बताने हेतु कि हर लड़ाई में जनता उनके साथ है। उन्होंने कहा कि 40 वर्षों में पहली बार उन्होंने इतनी बड़ी और जोश के साथ इतनी बड़ी तिरंगा यात्रा देखी है। विज ने कहा कि पाकिस्तान पिछले लंबे समय से अपनी खुराफातों में लगा था और पहलगाम में पाक परस्त आतंकियों ने धर्म पूछ-पूछकर निहत्थे लोगों को गोलियां मारी। इससे पहले आतंकी घटनाएं होती थी तो पूर्व सरकारें श्रद्धांजलियां देकर घरों में चले जाते थे। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा आतंकियों को उन्हें उनके घर में घुसकर मारेंगे। उन्होंने बताया कि चार दिन में भारत ने सटीक हमले करते हुए उनके घुटने टिकवा दिए। लगभग 15 स्वदेशी ब्राह्मोस मिसाइलें से पाकिस्तान में आतंकी अड्डो, एयरपोर्ट, एयर कमांड सेंटरों को तहस-नहस कर दिया गया। अनिल विज ने कहा कि बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने इस यात्रा में शामिल होकर संदेश दिया है कि अंबाला छावनी का प्रत्येक व्यक्ति प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि बाहर के कई देशों के नेताओं ने उल्टे प्रचार किए लेकिन हमारे प्रधानमंत्री ने बिल्कुल ठीक स्थिति को बताया। हमें अपने प्रधानमंत्री पर विश्वास है, जो वो कह रहे है वह ठीक है।



**अंबाला।** तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते मंत्री अनिल विज व यात्रा में उमड़ा सैलाब।

### यात्रा से पूरा बाजार तिरंगामय हो गया

तिरंगा यात्रा में अम्बाला छावनी से हजारों लोगों ने जोश व जुनून के साथ हिस्सा लेते हुए सैनिकों का उत्साह बढ़ाया। यात्रा में आमजन के अलावा आईएमए, विभिन्न व्यापारी व सामाजिक संगठन, बाजार एसोसिएशन, धार्मिक संगठनों, पूर्व सैनिकों, कालेज विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स नेहिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा से पूरा बाजार तिरंगामय हो गया। हाथों में तिरंगा थामे लोग देशभक्ति गीतों पर झूम रहे थे। तिरंगा यात्रा राजकीय कालेज के समक्ष से प्रारंभ हुई जोकि कबाड़ी बाजार, केसरा बाजार, पुल चमेली, पुरानी सब्जी मंडी, डीसी रोड, बजाजा बाजार, सदर बाजार, निशात सिनेमा रोड से होती हुई वापस कालेज परिसर पर संपन्न हुई। यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए हुए थे।

# हादसे में बाइक सवार की मौत, दोस्त घायल

- बीमार मां को अस्पताल में खाना देकर लौट रहे थे दोनों
- गांव हरनौल के पास कार ने मारी बाइक को टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव हरनौल के नजदीक कार की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। मृतक युवक अपने दोस्त के साथ बराड़ा के निजी अस्पताल में दाखिल अपनी मां को खाना देकर वापस लौट रहा था।

पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उतर प्रदेश के सहारनपुर निवासी प्रताप सिंह ने शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी भाभी को बराड़ा के एक अस्पताल में भर्ती किया हुआ है। शाम को उसका भतीजा 25 वर्षीय नीतीश अपने दोस्त अभिषेक के साथ बाइक पर अपनी मां को खाना देने के लिए गए थे। जब वह वापस लौट रहे थे तो गांव हरनौल के पास तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने नीतीश को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

# तलवारबाजी में निकिता ने मारी बाजी, जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

बिहार के राजगीर के स्टेडियम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के तहत तलवारबाजी, टीम इवेंट प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में देशभर से आए युवा खिलाडियों ने हिस्सा लिया।

फाइनल मुकाबला हरियाणा और महाराष्ट्र के बीच हुआ। जिसमें हरियाणा से निकिता चौहान ने तलवारबाजी प्रतियोगिता में अपने दमदार फुर्तीले मूव्स से सभी को चौंकाते हुए फाइनल मुकाबले में जीत हासिल की और स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किया। निकिता की इस उपलब्धि से पूरे हरियाणा प्रदेश में खुशी का माहौल है। निकिता हिसार के गांव मिर्जापुर की रहने वाली है। उनके पिता मनोज कुमार हरियाणा पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। निकिता अपने माता-पिता के साथ पुलिस लाइन करनाल में रह रही है। निकिता तलवारबाजी प्रतियोगिता में कई मेडल जीत चुकी है। निकिता की छोटी बहन वंशिका भी तलवारबाजी की खिलाड़ी है और कई मेडल अपने नाम कर चुकी है। गीता और बबीता फौगाट दोनों बहनों की आइडल चाचा विजय चौहान ने बताया कि निकिता 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही है और वंशिका 11वीं कक्षा में है। निकिता व वंशिका कुश्ती खिलाड़ी गीता और बबीता फौगाट को अपनी आइडल मानती है। बचपन से ही दोनों बहनें गीता और बबीता फोगाट से प्रभावित है। निकिता और वंशिका रोजाना तीन से चार घंटे तलवारबाजी का अभ्यास करती है। दोनों बहने बड़े ही फुर्तीले मूव्स से लोगों को हैरान कर देती है।

- बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत तलवारबाजी प्रतियोगिता
- गीता-बबीता फौगाट को आइडल मानती हैं निकिता और वंशिका




### निकिता के चाचा हैं कुश्ती कोच

निकिता और वंशिका का चाचा विजय चौहान कुश्ती कोच के रूप में सेवाएं दे रहे है। विजय चौहान ने अपनी दोनों भतीजियों को खेल के लिए प्रेरित किया है। वह समय-समय पर उन्हें जागरूक करते रहते है। विजय चौहान ने बताया कि निकिता व वंशिका के दादा रामफल चौहान पहलवान थे। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेकर कई मेडल हासिल किए। विजय ने कहा कि निकिता की जीत आने वाले समय में अन्य युवाओं को भी प्रेरणा देगी और भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने की दिशा में एक और कदम साबित होगी।

### ओलंपिक में मेडल जीतना है सपना

निकिता और वंशिका स्कूल प्रतियोगिता से लेकर नेशनल प्रतियोगिता तक खेल चुकी है और गोल्ड सहित कई मेडल हासिल कर चुकी है। निकिता ने बताया कि उसका सपना है कि वह तलवारबाजी में एक दिन ओलंपिक में हिस्सा लेकर देश के लिए गोल्ड मेडल लेकर आएगी।

# पाकिस्तानी जासूस नोमान चार बार गया पाकिस्तान

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की सीआईए वन ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोपी नोमान इलाही निवासी कैराना, जिला शामली, उत्तर प्रदेश को कोर्ट में पेश कर सात दिन के रिमांड पर ले रखा है। वहीं रिमांड के दौरान नोमान ने पुलिस बताया कि उसे जासूसी की एवज में उसे भारतीय बैंकों के खातों से पेमेंट किया जाता रहा है। वहीं जिन लोगों के बैंक खातों से नोमान को नगदी दी जाती थी ऐसे करीब 12 लोगों की पहचान पानीपत पुलिस ने की है और इनके खातों की जांच की जा रही है। इधर, नोमान इलाही, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट इकबाल काना के कहने पर ट्रेनों के वीडियो बना कर उसे भेजता था। वहीं पुलिस को संदेह है कि नोमान इलाही आईएसआई का प्रतिक्षित जासूस है और वह बहुत ही शातिर है। पुलिस की जांच में वह पूरी तरह से सहयोग नहीं कर रहा बल्कि गुमराह कर रहा है। दूसरी ओर पुलिस की जांच में पता चला है कि नोमान के पासपोर्ट की वैधता सन 2010 में समाप्त हो चुकी थी। जबकि नोमान का दाव है कि वह सन 2017 में पाकिस्तान गया था। एजेंसियां 2017 में उसकी पाकिस्तान यात्रा के बारे में सभी विवरण प्राप्त करने की कोशिश कर रही हैं। नोमान का पांच साल की उम्र में पासपोर्ट बना गया था और वह चार बार पाकिस्तान जा चुका है। पाकिस्तान की बुआ व मोसी निवास कर रहे है। इधर, पुलिस ने नेमान द्वारा अपने मोबाइल फोन के डिलीट किए गए डेटा की रिकवरी के लिए लैब भेजा गया। नोमान के मोबाइल फोन से कुछ वॉयस मैसेज भी मिले हैं, जिसमें कॉलर उससे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पठानकोट और गुरदासपुर में ट्रेनों से सेना की आवाजाही के बारे में जानकारी देने को कह रहा था।

- इलाही को जासूसी की एवज में भारतीय बैंक खातों से मिलता था भुगतान
- बैंक खातों के 12 संचालकों की पुलिस ने शिनाख्त की

## पूर्व मंत्री असीम गोयल बोले, विकास कार्यों के लिए सीएम की कलम में दोगुनी स्याही

# एक साथ किया 98 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

- इन परियोजनाओं पर लगभग 65 करोड़ रुपये की लागत आएगी
- शहर के हर वार्ड में विकास की रफ्तार को पंख लगेंगे : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के इतिहास में रविवार को एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआ। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने एक साथ 98 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं पर लगभग 65 करोड़ रुपये की लागत आएगी। शहर के हर वार्ड में विकास की रफ्तार को पंख लगेंगे।

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने विभिन्न गांवों में भी करीब 3 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास किए। बता दें कि रविवार को हुए इस बड़े आयोजन में अंबाला शहर के हर वार्ड को महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात मिली है। इन कार्यों में गौशाला शैड,नंदी शाला शैड ,सड़कों ० गलियों का निर्माण व सुदृढ़ीकरण ,जल निकासी व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटिंग और बस क्यू शेल्टर,धर्मशाला निर्माण, जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इस ऐतिहासिक मौके पर मेयर शैलजा सचदेवा, सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता और भाजपा के सभी सदस्य भी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने इस अवसर पर कहा कि इतिहास में पहली बार अंबाला जिला से मुख्यमंत्री बना है।

ऐसे में जब जब अंबाला के काम की बात आती है तो मुख्यमंत्री नायब सिंह की कलम में स्याही दोगुनी भर जाती है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है। भविष्य में यहां चहुंमुखी विकास के लिए और भी बड़े कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि शहर को एक आदर्श नगर बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस मौके पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्यमंत्री को नया नाम देते हुए कहा कि "मुस्कान मैन" मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूरे प्रदेश का वातावरण बदल दिया है। उन्होंने बताया कि ये सभी कार्य उन्होंने अपने मंत्री रहते हुए पास करवाए थे। उन्होंने कहा कि अंबाला में विकास की बयार यूं ही चलती रहेगी।





**अंबाला।** विकास योजनाओं का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व व योजनाओं के शिलापट। *फोटो : हरिभूमि*

### अधिकारियों को निर्देश

मंच से शहरवासियों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने मौके पर मौजूद नगर निगम के अधिकारियों को जनता के बीच ही मंच से निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्यों की गुणवत्ता का अधिकारी विशेष ध्यान रखेंगे। इसके साथ ही सभी विकास कार्य तय समय सीमा में ही पूरे होने चाहिए।

# फर्जी आईडी बनाकर बेच दी एक व्यक्ति की प्रॉपर्टी

- पुलिस ने बिल्डिंग इंस्पेक्टर समेत चार लोगों के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

फरीदाबाद के सेक्टर आठ निवासी एक व्यक्ति ने चार लोगों पर मिलीभगत कर फर्जी आईडी बनाकर उसकी यमुनानगर के टैगोर गार्डन में स्थित प्रापर्टी को धोखे से मिलीभगत करके सस्ते में बेच देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित का आरोप है कि उसकी प्रॉपर्टी पर अदालत से स्थगन आदेश भी मिला हुआ है। इसके बावजूद आरोपियों ने उसकी प्रॉपर्टी को धोखे से फर्जी आईडी बनाकर बेच दिया। पुलिस ने बिल्डिंग इंस्पेक्टर समेत चार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। फरीदाबाद के सेक्टर-8 निवासी योगेश शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि यमुनानगर के टैगोर गार्डन में 140 गज की प्रॉपर्टी पड़ी हुई है। इस प्रापर्टी पर विवाद चलने के कारण अदालत द्वारा स्टे लगाया हुआ है। आरोप है कि उसकी इस प्रॉपर्टी को विक्रम व विशाल ने नगर निगम के अधिकारियों से मिलीभगत कर फर्जी तरीके से नई प्रॉपर्टी आइडी बनाकर उसे धोखे से सस्ते में बेच दिया गया। 28 अक्टूबर 2024 को रात को आठ बजकर 55 मिनट पर नई प्रापर्टी आइडी के लिए अप्लाई किया गया। इसके बाद नौ बजकर 46 मिनट पर नई प्रापर्टी आइडी तैयार कर दी गई। जिसमें यह प्रापर्टी सौ गज की दिखाई गई। जबकि प्रापर्टी आइडी का आवेदन दिन के समय में किया जाता है। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# विश्व समता स्कूल की तानिया 10वीं में 94.6% अंक लेकर बनी स्कूल टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विश्व समता स्कूल (गांधीनगर) यमुनानगर का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड़ द्वारा घोषित दसवीं कक्षा परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विद्यालय की छात्रा तानिया ने 94.6 प्रतिशत अंक हासिल स्कूल में टॉप किया है। वहीं, तीन छात्राओं ने एक समान अंक लेकर स्कूल में द्वितीय स्थान हासिल किया है। स्कूल के 40 बच्चों ने मेरिट में स्थान बनाया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर स्कूल की प्रिंसीपल पूनम तंवर, प्रबंधक व स्टॉफ सदस्यों ने खुशी जताई है और बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई और शुभकॉमनाएं दी हैं।

स्कूल की प्रिंसीपल पूनम तंवर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी उनके स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल की छात्रा तानिया ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया है। वहीं, तीन छात्राओं अंजली, मिनाक्षी व पलक ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि छात्रा खुशबू ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि सलोनी कुमारी ने 92.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह मनप्रीत व कर्मवीर ने 92 प्रतिशत,बवीता कुमारी 91.8 प्रतिशत, नंदनी 91 प्रतिशत, सुकेनम 90.6 प्रतिशत व हर्ष ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रिंसीपल पूनम तंवर ने बताया कि खुशी की बात यह है कि स्कूल के 13 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं, 40 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने सभी बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एमडीवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं कक्षा का शानदार रहा परीक्षा परिणाम


तानिया।


अंजली।


मिनाक्षी।


पलक।


खुशबू।


सलोनी।

### सामूहिक प्रयासों से संभव

प्राचार्या पूनम तंवर ने बताया कि उनके स्कूल ने अब तक दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणामों में कई बार जिला में टॉप कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस बार भी बच्चों ने परीक्षा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्कूल के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधक रवि करण ने स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस बार भी शत प्रतिशत आने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अध्यापकों के मार्ग दर्शन, बच्चों द्वारा की गई कड़ी मेहनत और उनके अभिभावकों के आर्शीवाद से संभव हुई है।

**रादौर।** हरियाणा बोर्ड द्वारा जारी 10वीं कक्षा के परिणामों में एमडीवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल हाफिजपुर का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। जिसमें छात्रा तनिशा ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में अव्वल रही। स्कूल चेयरमैन अनिल कंबोज ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी उनके स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। छात्रा तनिशा ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम, जसप्रीत तंवर ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय व कार्तिक ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

स्कूल के 50 में से 17 बच्चों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। तनिषा ने विज्ञान में सौ में से 96 अंक तथा वंशिका ने एसएस में सौ में से 98 अंक हासिल किए। जसप्रीत ने भी गणित में 96 अंक प्राप्त किए। हिंदी मीडियम से शिवानी ने एसएस में 97 व विशाल ने हिंदी में 96 अंक प्राप्त किए। उन्होंने बच्चों को बधाई दी। चेयरमैन अनिल कंबोज ने भावी बोर्ड कक्षाओं के छात्रों को मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य अशोक कुमार ने सभी अध्यापकों को बधाई देते हुए मेधावी छात्रों एवं उनके अभिभावकों का मुंह मीठा करवाया और बधाई दी।

## खबर संक्षेप



### शादी का झांसा दे महिला से दुष्कर्म का आरोपी काबू

**यमुनानगर।** महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ कृष्ण कुमार ने बताया कि एक गांव की तलाकशुदा महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी। जिसमें उसने बताया कि अपने बच्चों के साथ अकेली रहती है। उसकी मुलाकात यूपी के सहारनपुर निवासी मैनपुरा बिलाल से हुई। बिलाल ने उसे शादी का झासा देकर उसके साथ संबंध बनाए तथा करीब चार पांच महीने से गलत काम कर रहा था। जब उसने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने साफ मना कर दिया और उसे बदनाम करने की बात कहकर ब्लैकमेल करने लगा। परेशान होकर उसने पुलिस में शिकायत कर दी। पुलिस ने महिला एसआई मेनका के नेतृत्व में टीम बनाई। जांच के बाद पुलिस ने सहारनपुर गंगोह के मैनपुरा निवासी बिलाल को गिरफ्तार कर लिया।

### देसी पिस्टल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सीआईए टू पुलिस टीम ने साढौरा के असगरपुर माजरा मोड के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार सीआईए टू पुलिस टीम के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि साढौरा के पास असगरपुर माजरा मोड के पास एक युवक अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा है। सूचना पर एएसआई कृष्ण कुमार, एचसी रविंद्र, मनीष, जसपाल व संजय की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव नौगावा जागीर निवासी सुनील कुमार उर्फ प्रदीप के रूप में बताई।

## ऑपरेशन सिंदूर: भाजपा ने यमुनानगर व छछरौली में निकाली तिरंगा यात्रा

# भारत ने घर में घुसकर मारा सेना के प्रहार से थर्राया पाक


**यमुनानगर।** प्रताप नगर में तिरंगा यात्रा की आगुवाई करते हुए पूर्व मंत्री कंवरपाल।



**यमुनानगर।** छछरौली में सेना के शौर्य में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता।

### प्रताप नगर में तपती गर्मी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी निकाली तिरंगा यात्रा पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर व महिला जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर ने की अगुवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

तपती गर्मी में हाथों में तिरंगा लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को आप्रेशन सिंदूर की सफलता पर प्रताप नगर में तिरंगा रैली निकाली। तिरंगा रैली में कार्यकर्ताओं में जोश इतना था कि वह भीष्ण गर्मी में भी एक दूसरे से अधिक ताकत से भारत माता की जय समेत अन्य देश भक्ति के नारे लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने किया।

रविवार को प्रताप नगर के भाजपा मंडल के हजारों कार्यकर्ता कस्बा की अनाज मंडी में एकत्र हो गए। इसके बाद हाथों में तिरंगा लेकर वह पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल की आगुवाई में कस्बा की सड़कों पर निकल पड़े। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जाय, जय हिंद की सेना समेत अन्य देश भक्ति के नारों से वातावरण को गुंजा दिया। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। आज हमारी सेना का जोश, जज्बा उच्च स्तर पर पहुंच चुका है। तकनीकी व मानसिक तौर पर मजबूत भारतीय सेना ने पाकिस्तान की धरती से आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए जो घिनौना कृत्य पहलगाम में किया गया था। उसके जवाब में भारतीय सेना के प्रहार से पाकिस्तान थर्राने पर विवश हो गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भारतीय सेना के जवानों ने ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद व आतंकियों को तबाह करने का काम किया। पाकिस्तान द्वारा भारतीय रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश की गई तो हमारे वीर जवानों ने पाकिस्तान के विभिन्न वायुसेना ठिकानों को ध्वस्त करते हुए पाकिस्तान को बड़े संकट में डाल दिया था।

#### सेना ने चटाई धूल

उन्होंने कहा कि आज देश की जनता सैनिकों को वीरता व कामयाबी के लिए उनके सम्मान में तिरंगा यात्राओं के माध्यम से अपनी भावना का इजहार कर रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे यह आतंकी पाकिस्तान में बैठे थे। भारत की थल सेना, वायुसेना और नौसेना ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी। पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया है कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है। जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम पकिस्तान के घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, हमारी मिसाइलों के बारे में सोचकर तो पाकिस्तान को कई दिनों तक नींद नहीं आएगी। भारतीय सेना विश्व की सबसे श्रेष्ठ सेना है। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरीएमंडल अध्यक्ष अमित कुमार,विनीत सिंगला, विजयपाल सिंह,मुदित बंसल,अशोक चौधरी व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

### आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर भारतीय सेना ने विश्व में फहराया परचमः प्रीति जौहर

**यमुनानगर।** पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा किए गए सिंदूर ऑप्रेशन में फतेह हासिल कर भारतीय सेना ने विश्व भर में अपना परचम फहराया है। उक्त शब्द भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर ने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के छछरौली कस्बा में महिला मोर्चा द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कही। तिरंगा यात्रा का छछरौली में जगह जगह स्वागत किया गया। इस दौरान तिरंगा यात्रा में वंदेमातरम, भारत माता की जय व जय हिंद की सेना समेत गगन भेदी नारे लगाकर वातावरण को देश भक्ति के जज्बे से भर दिया।

तिरंगा यात्रा छछौरील में मेन चौक से शुरु हुई। इस दौरान तिरंगा यात्रा में हजारों महिलाएं अपने हाथों में तिरंगा उठाए हुए थी। तिरंगा यात्रा छछरौली के विभिन्न मुख्य मार्गो, चौक, गलियों व अन्य स्थानों से होते हुए अंत में शुभारंभ स्थल पर पहुंची। इस दौरान छछरौली में तिरंगा यात्रा क पुष्प वर्षा कर लोगों ने जोरदार स्वागत किया। विश्व ने देखी भारत की ताकत, सेना के शौर्य को किया नमन

तिरंगा यात्रा में शामिल महिलाओं व अन्य लोगों द्वारा लगाए गए देश भक्ति के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति के जोश से भर गया। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति जौहर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारी भारतीय सेना ने अपने पराक्रम से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके भारत का परचम पूरे विश्व में फहरा दिया है। ऑपरेशन सिंदूर में जिस प्रकार भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखाया है उससे विश्व को भारत की शक्ति का पता चल गया है। इससे न केवल पाकिस्तान को भारी नुक्सान हुआ है। बल्कि उसके मददगारों को भी कड़ा सबक मिला है। उन्होंने कहा कि सिंदूर ऑपरेशन में महिला सैनिकों वियोमीका सिंह व सोफिया कुरैशी का अहम योगदान रहा है। जिनके शौर्य को नमन है। आज इन महिला सैनिकों को पूरा भारत सम्मान की दृष्टि से देख रहा है। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, पार्षद रीना रस्तोगी, पार्षद रूचि कांबोज व सपना मानिकपुर ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष अमरजीत कौर,पूनम अग्रवाल,कामना राणा, गौरव गोयल छछरौली,सुरेन्द्र कौर,रवीता, संगीता संधू,नीलम,अनु रानी व सरोज सैनी आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**यमुनानगर।** छप्पर थाना क्षेत्र के जनक का माजरा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर उसे जहरीला पदार्थ देकर दहेज हत्या करने का आरोप लगाया है। छप्पर थाना पुलिस ने मृतका के भाई अंबाला के धूलकोट निवासी संजीव की शिकायत पर मृतका के पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों पर दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है।

- पति सहित ससुराल पक्ष के 6 लोगों पर केस दर्ज।

गांव धूलकोट निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उसकी बहन मनीषा की शादी 23 अक्तूबर 2023 को जनक का माजरा निवासी मोंटी के साथ हुई थी। उसके पिता की मौत हो गई थी। जबकि उसकी मां की तबीयत भी खराब रहती है। जिस कारण उसकी बहन घर पर मां से बात करना चाहती थी। लेकिन उसकी बहन के ससुराल वाले उसे फोन न करना और कम दहेज लाने के बारे ताने मारते थे। आरोपी ने दहेज में कार की मांग को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ति किया। पिछले कुछ दिनों से उसकी मां की तबीयत बहुत खराब चल रही थी। इसको लेकर उसने अपने जीजा मोंटी को फोन किया। उसके जीजा ने उससे गाली गलौज की और उसकी बहन को उनके घर छोड़कर चला गया। कुछ दिन बाद उसकी दादी ने उसकी बहन को समझा बुझा कर ससुराल छोड़ने गई। फिर से ससुराल वालों ने उनसे बुरा व्यवहार किया। उसकी दादी के वापस आने पर आरोपियों ने उसकी बहन से फिर मारपीट की। रात करीब साढ़े आठ बजे उनके पास उसकी बहन की ससुराल से फोन आया कि मनीषा की तबीयत खराब हो गई है। उसे अस्पताल लेकर गए है। वह परिवार के सदस्यों के साथ तभी अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टर ने उसकी बहन को मृत घोषित कर दिया। जब उन्होंने मनीषा के ससुराल वालों से उसकी मौत का कारण पूछा तो वह उनसे बुरा भला करने लगे। डॉक्टर से पता किया तो उन्हें बताया गया कि मनीषा की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई है। आरोप है कि उसकी बहन मनीषा की मौत के जिम्मेदार उसका पति मोंटी, ससुर सोहन लाल, सास जगिंद्रों देवी, नंनद रितू, ननद मनीषा व ननद अनिता है। छप्पर थाना पुलिस ने मृतका मनीषा के भाई संजीव की शिकायत पर छह आरोपियों पर दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एड्स से बचाव में ही सही इलाजः डॉ. विजय

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में मनाया विश्व एड्स वैक्सीन दिवस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में रविवार को विश्व एड्स वैक्सीन दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में केंद्र के एसएमओ डॉ. विजय परमार ने भाग लिया।

एसएमओ डॉ. विजय परमार ने कहा कि एड्स एक जानलेवा बीमारी है। ऐसे में इसके बारे में संपूर्ण जानकारी रखकर ही इस रोग से अपना बचाव करना संभव है। एचआईवी वैक्सीन का शोधकर्ताओं ने एचआईवी संक्रमण और एड्स से बचाव के लिए टीके की निरंतर तत्काल आवश्यकता को बढ़ावा देकर इस दिन को चिह्नित किया है। यह दिन कई स्वयंसेवकों, सामुदायिक सदस्यों,स्वास्थ्य पेशेवरों और वैज्ञानिकों को धन्यवाद देने का मौका प्रदान करता है। इस रोग के रोकथाम के लिए एक सुरक्षित और प्रभावी एचआईवी वैक्सीन खोजने के लिए लगातार काम और शोध कर रहे हैं। एचआईवी से संक्रमित लोगों में लम्बे समय तक एड्स के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते। जब एचआईवी उन्नत चरणों तक पहुंचने लगता है। तो योनि में यीस्ट इन्फेक्शन और श्रोणि सूजन की बीमारी हो सकती है। गंभीर संक्रमण, थकान, सिरदर्द, चक्कर आना, वजन कम होना, लगातार दस्तए रात को पसीना आना, बुखार और सूखी खांसी जैसे लक्षण नजर आते हैं। अधिकांश लोग त्वचा पर अपर्याप्त बैंगनी विकास, अस्पष्ट रक्त स्त्राव,असामान्य रूप से त्वचा पर चकते, पक्षाघात और मानसिक भ्रम का अनुभव भी कर सकते हैं। इसे ठीक नहीं किया जा सकता है।

चिकित्सा निदान की आवश्यकता पड़ती है। इसे डॉक्टर से ना दिखाना घातक साबित हो सकता है। ऊपर दिए गए लक्षण अन्य रोगों में भी हो सकते हैं। इसलिए एड्स की निश्चित रूप से पहचान केवल चिकित्सीय परीक्षण से ही की जा सकती है। एड्स के उपचार में एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी और दवाइयों का उपयोग किया जाता है। इन दवाइयों का मुख्य उद्देश्य एचआईवी के प्रभाव को काम करना, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना और अवसरवादी रोगों को ठीक करना होता है। समय के साथ.साथ वैज्ञानिक एड्स की नई नई दवाइयों की खोज कर रहे हैं।

## दो बाइक चोरों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी व्हीकल थेप्ट सेल की टीम ने कलानौर बार्डर के पास से दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोर की बाइक बेचने यूपी जा रहे थे। पूछताछ में आरोपियों से बाइक चोरी की दो वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने चोरी की दोनों बाइकें बरामद कर कोर्ट में पेश किया।

सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी दो युवक चोरी की बाइक को बेचने के लिए कलानौर बॉर्डर होते हुए उत्तर प्रदेश की तरफ जाएंगे। सूचना पर एचसी हरबिलास के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिए। टीम ने उन्हें रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपियों ने यह बाइक 11 मई को रवि अस्पताल के सामने से चोरी की थी। जिनकी पहचान गांव रायपुर निवासी मोहसिन पुत्र यामीन व आजाद नगर निवासी कार्तिक उर्फ बिल्ला पुत्र बुद्ध प्रकाश के नाम से हुई। आरोपियों ने बाइक चोरी की दो वारदातों को खुलासा किया है। आरोपियों ने दूसरी बाइक 9 मई को खजूरी रोड से चोरी की थी। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### जेल से जमानत पर बाहर आते ही चुराई बाक

इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि आरोपी मोहसिन गत पांच मार्च को व दूसरा आरोपी कार्तिक उर्फ बिल्ला नौ अप्रैल को जेल से जमानत पर बाहर आये थे। आरोपियों ने आते ही फिर से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया। आरोपियों पर पहले भी बाइक चोरी की 10-10 मामले दर्ज हैं। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

## जनप्रतिनिधियों को संविधान के अनुच्छेद 40 और अन्य योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए जिला परिषद कार्यालय यमुनानगर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिप सीईओ वीरेन्द्र सिंह ढुल ने की। जिप चेयरमैन रमेश चंद व उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी जसविंद्र सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में खंड व्यासपुर, छछरौली, प्रतापनगर व जगाधरी के 242 सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। रादौर के जनप्रतिनिधियों के लिए 19 व 20 मई को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



जसविन्द्र सिंह ने सरपंचों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य व अन्य पंचायती राज अधिनियम के विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण डॉ. अनूप गोयल, एसडीओ पंचायती राज राजेश शर्मा, महिवा एवं बाल विकास विभाग से बिंदु व हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी से आए विशेषज्ञ मुकेश कुमार और महक द्वारा सरपंचो को संविधान अनुच्छेद 40, ग्राम सभा, ई.ग्राम स्वराज, स्वच्छ भारत मिशन, एड्स, टीबी मुक्त भारत, जल जीवन मिशन, महिला एवं बाल विकास, प्रधानमंत्री सूर्य योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों व संबंधित विभागीय योजनाओं पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सरकार द्वारा जनप्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण ट्रेनिंग किट व ट्रेवल अलाउंस प्रतिदिन 700 रुपये का दिया जाना सुनिश्चित किया गया है। अंत में सरपंचों द्वारा फीडबैक के साथ ई.सर्टिफिकेट भी दिया गया। इसमें सदस्य तृप्ती देवी, नेहा चुघ, पुनीता देवी व संजय कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का जगाधरी में संत संकीर्तन कार्यक्रम

# मानव जीवन में विश्वास सबसे बड़ी शक्तिः भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के पास स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने साध संगत को मानव जीवन में विश्वास के महत्व बताया।





साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने फरमाया कि विश्वास मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। जब किसी व्यक्ति, वस्तु अथवा भाव के प्रति पूर्ण विश्वास जागृत होता है। तब सूक्ष्म रूप से हमारी एकाग्रता उस व्यक्ति, वस्तु या भाव से जुड़ जाती है। उन्होंने समझाया कि विश्वास एक कांच के उत्तल लेंस की तरह कार्य करता है जो सूर्य की बिखरी हुई रश्मियों को एक बिंदु पर केंद्रित करके अग्नि प्रकट कर देता है। जब विश्वास गहरा और दृढ़ हो जाता है तब वह भी मनुष्य के भीतर एक ऐसी अग्नि प्रकट करता है। जिसमें उसके सभी संशय और दुर्भावनाएं जलकर भस्म हो जाती हैं। ध्यान रहे उस विश्वास का आधार नकारात्मक न हो। जहां सकारात्मकता आधारित विश्वास हमारे जीवन का सर्वांगीण उत्थान एवं विकास करता है। वहीं, असत्य एवं नकारात्मकता आधारित विश्वास हमारे जीवन को पतन की गहराइयों में गिरा सकता है। जीत सदैव विश्वास की होती है। विश्वास वह भावना है जब व्यक्ति का रोम रोम किसी व्यक्ति, वस्तु या भाव को लेकर दृढ़ निश्चयी हो जाता है और उसके भीतर कोई किंतु परंतु शेष नहीं रहता। एक ब्रह्मज्ञानी साधक जो निरंतर ध्यान साधना करते हुए उस अनंत एवं असीम सत्ता परमात्मा के श्री चरणों में ध्यान लगाता है। तब वह भक्ति मार्ग पर चलते हुए गुरु कृपा एवं स्वयं अपने पुरुषार्थ के द्वारा बुद्धि को विचार रहित, मन को विकार रहित और आत्मा को कर्म संस्कार रहित कर लेता है। ऐसा तभी होता है जब विश्वास व संकल्प दृढ़ हो। विश्वास को बाहरी रूप से नहीं ,बल्कि भीतर से उस परम सत्य का दृढ़ आधार मिला हो जो चिरस्थाई है। साधक के विश्वास में कमी दिखाई दे तो इसका अर्थ है कि अभी उसे अपने मन बुद्धि व चित्त पर निरंतर कार्य करना है।

### यह मानव स्वभाव

झूठ व नश्वरता पर विश्वास हो जाना मनुष्य का स्वभाव है। लेकिन उस अनंत व अगोचर परमपिता परमात्मा पर अटूट विश्वास होना केवल तभी संभव हो सकता है। विश्वास अनुभव आधारित हो। निःसंदेह विश्वास की जीत होती है, लेकिन उस विश्वास की जीत होती है। जिस विश्वास का आधार एक ऐसा दिव्य व अलौकिक स्रोत है। जिसमें हमारे संपूर्ण जीवन को परिवर्तित कर देने का पूर्ण सामर्थ्य है। एक ब्रह्मनिष्ठ गुरू की शरण में आने के पश्चात ही शिष्य अनुभव आधारित ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति करके अपने अंतःकरण एवं जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन की अनुभूति करता है। अंत में साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन करके समूह संगत को कृतार्थ किया।

## खबर संक्षेप



### एडीआर सेंटर में किया बैठक का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर सैंटर में लीगल एड डिफेंस कांउसलस के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस बैठक में सभी एलएडीसी को निर्देश दिए गए कि वो मुफ्त लीगल एड का ज्यादा से ज्यादा से ज्यादा प्रचार करे और अच्छे तरीके से किस प्रकार वो काम कर सकते हैं।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 19 मई को सुबह 11 बजे नए लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर करेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह ने आज यहां जारी आदेशों में कहा है कि सभी अधिकारी जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में निर्धारित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

### 14 जून तक फ्री अपडेट करवाएं आधार कार्ड: डीसी

**थानेसर।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवाना आवश्यक है। यूआईडीएआई द्वारा आधार कार्ड को अपडेट करवाने की अंतिम तिथि 14 जून 2025 कर दी गई है, अब 14 जून 2025 तक आधार कार्ड को निःशुल्क अपडेट करवाया जा सकता है। नागरिक स्वयं भी यूआईडीएआई.जीओवी.इन वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया जा सकता है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि आधार कार्ड मुफ्त में अपडेट करने की आखिरी तारीख 14 जून 2025 तक बढ़ा दी गई है।

### खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्याम भक्त

**शाहबाद।** नगर की नई अनाज मंडी में श्री श्याम एवं बालाजी वार्षिक महोत्सव का आयोजन श्रीश्याम कुटुंब द्वारा किया गया। कुटुंब के भगत अभाश और अभिनव ने बताया कि यह चतुर्थ श्याम महिमा महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें गायक सुशील गौतम दिल्ली से सौरभ शर्मा कोलकाता से और जतिन जिंदल पेहवा से विशेष रूप से पहुंचे जिन्होंने खाटू जी के सुंदर-सुंदर भजन गाकर आई हुई संगत को नाचने पर मजबूर कर दिया। खाटू जी का विशेष भजन हारा हूं बाबा मुझे तुझ पर भरोसा है पर पूरी संगत मस्ती से नाचने को मजबूर हो गई।

## जाट धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं यह पुण्य का कार्य : श्योकंद

- समाजसेवी संस्थाओं ने कार्यक्रम में किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

जाट धर्मशाला में नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाएं, स्वतंत्रता समूह सेवा समिति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन,जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र एवं जाट एम्पलाइज एसोसिएशन और ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की ओर से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जाट सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉक्टर कृष्ण श्योकंद ने रिबन कटकर रक्तदान शिविर का शभारंभ किया । इस अवसर पर कई लोगों ने रक्तदान किया। वहीं पत्रकारों से बातचीत में कुरुक्षेत्र जाट सभा के प्रधान कृष्ण श्योकंद और उपप्रधान बनी सिंह ढुल ने कहा कि नवनियुक्त कार्यकारिणी का यह सबसे पहले सामाजिक कार्य है। इसके साथ ही वह युवाओं को नशे से दूर रहकर और सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रमें में युवाओं की भागीदारी निश्चित रूप से समाज और प्रदेश को बदलने का कार्य कर सकती है। कृष्ण श्योकंद ने कहा रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है इसलिए रक्तदान को महादान कहते हैं, क्योंकि यह दान दूसरों की जिंदगी बचाने के साथ खुद की सेहत दुरुस्त करता है। वही जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष मास्टर जितेंद्र ने कहा कि उनकी संस्था समय-समय पर सामाजिक कार्य पिछले लंबे समय से करती आ रही है। चाहे जरूरतमंदों को अस्पताल में खाना वितरण करना हो या फिर चलने में असमर्थ लोगों को व्हीलचेयर उपलब्ध करवाना भी महत्वपूर्ण कार्य है।



कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

### युवाओं से अपील

*उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि इस गर्मी के मौसम में रक्त की कमी रहती है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा युवा रक्तदान करें ताकि रक्त की कमी के कारण किसी को कोई परेशानी ना हो। वही ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के मुख्य प्रदेशाध्यक्ष अश्विनी वालिया ने कहा कि आज रक्तदान शिविर में जहां सामाजिक संस्थाओं ने अपना सहयोग दिया तो वहीं पत्रकारों ने भी बढ चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर वात्सल्य वाटिका के संचालक स्वामी हरि ओम दास परिव्राजक भी मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में रक्तदातों को सबसे पहले बैच लगाने वाली हथिरा गांव की छात्रा परी जिसने बिना किसी ट्यूशन के बोर्ड की 12वीं कक्षा में 94.2% अंक लिए हैं उसको जाट सभा के प्रधान डॉक्टर कृष्ण श्योकंद ने स्मृति चिन्ह और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।*

# प्रतियोगिता में अमित शर्मा ने प्रथम व माणिक्य राणा ने पाया द्वितीय स्थान

- अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर श्रीकृष्ण संग्रहालय में खुला प्रश्न मंच आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2025 के उपलक्ष्य में श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र में भारतीय मूर्त धरोहर विषय पर एक खुला प्रश्न मंच आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड तथा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रश्न मंच में नगर के विभिन्न गणमान्य नागरिकों, संग्रहालय में आए दर्शकों, विद्यार्थियों तथा कुरुक्षेत्र गाइड ट्रेनिंग कोर्स के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में भारतीय स्मारकों, पुरातात्विक स्थलों, चित्रकला, वास्तुकला, शास्त्रीय नृत्यों तथा प्राकृतिक धरोहरों से संबंधित पचास से अधिक प्रश्न पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुरुक्षेत्र गाइड ट्रेनिंग कोर्स के प्रशिक्षु अमित शर्मा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान माणिक्य राणा (यमुनानगर) तथा तृतीय स्थान विनोद कुमार पचौली (पिहोवा) ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र, अंगवस्त्र एवं प्रेरणास्पद साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा प्रकाशित भारतीय नववर्ष का टेबल कैलेंडर एवं पुरातत्व विभाग का साहित्य भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संग्रहालय के प्रभारी श्री बलवान सिंह ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताया।

### जाट धर्मशाला में आयोजित बैठक में अहम मुद्दों पर की चर्चा



**कुरुक्षेत्र।** जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में विभिन्न जवलंत मुद्दों समलैंगिक विवाह, लव मैरिज, सम गोत्र विवाह, गांव की आसपास के गांव में शादी, लिव इन रिलेशनशिप आदि कुरीतियों को लेकर गंभीरता से चर्चा की गई। धर्मशाला के प्रधान डॉक्टर कृष्ण श्योकंद ने बताया कि जाट सभा 36 बिरादरी का साथ लेकर हिंदू मैरिज एक्ट संशोधन के मामले को गंभीरता से लेगी इसी उपलक्ष्य में आज के इस आयोजन में करीब 3 घंटे चली इस विशेष मीटिंग में 21 सदस्य कमेटी का गठन किया गया यह कमेटी बहुत जल्द एक और विशेष मीटिंग करके कमेटी का विस्तार करेगी और हिंदू मैरिज एक्ट संशोधन को लेकर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार, प्रधानमंत्री भारत सरकार, माननीय राज्यपाल हरियाणा सरकार और राष्ट्रपति भारत व माननीय सर्वोच्च न्यायालय के संपर्क में आकर इन विषयों का स्थाई समाधान करने का प्रयास करेगी। डॉक्टर श्योकंद ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय जाट सभा बहुत जल्दी धर्मशाला का नवीनीकरण करेगी जिससे पूरे भारत से आने वाले यात्रियों को और ज्यादा बेहतर सुविधाएं मिल सके।

# ऑपरेशन सिंदूर सैनिकों के शौर्य का अद्वितीय उदाहरण : जयभगवान शर्मा

- भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी ने तिरंगा यात्रा के दौरान किया संबाधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिहोवा

भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य रणनीति, प्रधानमंत्री के नेतृत्व की कुशलता और सैनिकों के शौर्य का अद्वितीय उदाहरण है। इसमें आतंकवादियों के कई अड्डों को नेस्तनाबूद किया गया। पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की संप्रभुता पर हमला करने की कीमत बहुत बड़ी होती है। जब बात देश की सुरक्षा की आती है, तो भारत कोई समझौता नहीं करता।



ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने युद्ध की परिभाषा ही बदल दी। भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी शनिवार को गत देर सायं उपमंडल पिहोवा में आप्रेशन सिंदूर के तहत निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देशवासियों को बधाई दी और इसे राष्ट्र की गरिमा, शौर्य और आत्मसम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने भारत के राष्ट्रीय संकल्प, सैनिकों की वीरता और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की दृढ़ता को विश्व पटल पर स्थापित किया है। ऑपरेशन सिंदूर सैनिकों के शौर्य का अद्वितीय उदाहरण है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि, जय सिंह पाल, जिला सचिव लाड़ी पाल, मण्डल अध्यक्ष सुखबीर इसाक, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राकेश पुरोहित, चिरंजीव गर्ग, युवा भाजपा मण्डल अध्यक्ष अभिजीत वासन, प्रशांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

### निःशुल्क शिविर में सेवा पुण्य का कार्यः सुधा




**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि स्वास्थ्य चिकित्सकों द्वारा वंचित लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते हैं ताकि गरीब लोग इन शिविरों में निःशुल्क जांच और उपचार करवा सके। चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क शिविर में सेवाएं देना पुण्य कार्य का कार्य है। उचित प्रकार की स्वास्थ्य जांच करवाना हर इंसान के लिए महत्वपूर्ण है और इस पर विचार करते समय, उम्र, जीवनशैली, पारिवारिक पृष्ठभूमि और जोखिम जैसे कुछ महत्वपूर्ण कारकों को ध्यान में रखा जाता है। इस मौके पर डा.ललित, डा. भोला, डा.सेठी, डा. संधू, डा. गांधी, डा. मुरिजा व डा. आकाश मौजूद थे।

# धन्वंतरि जयंती को आयुर्वेद दिवस घोषित किया जाए : एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

- आयुष विभाग द्वारा 23 सितम्बर को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाने के पत्र को बताया अनुचित

श्रीकृष्ण आयुर्वेद वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की तिथि बदलने पर चर्चा की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के आयुष विभाग द्वारा हर वर्ष 23 सितम्बर को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाने का पत्र जारी किया गया है, जबकि पहले राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस, धन्वंतरि जयंती (धनतेरस, जो कि आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि को समर्पित है) के दिन मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर को हरियाणा में शहीदी दिवस मनाया जाता है, जो कि शोक का दिन है और इस दिन शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। इसलिए 23 सितंबर की बजाए आयुर्वेद का उत्सव धन्वंतरि जयंती (जो कि दीवाली से दो दिन पहले) त्रयोदसी तिथि पर ही होना चाहिए। एसोसिएशन ने आयुष मंत्रालय के सचिव को पत्र लिख कर यह अनुरोध करने का फैसला किया है। एसोसिएशन के महासचिव डॉ. पंकज कौशिक ने कहा कि धन्वंतरि जयंती आयुर्वेद की आत्मा को दशार्ती है और समुदाय में उत्साह जगाती है। गर 23 सितंबर को हरियाणा में शहीदी दिवस मनाया जाता है, जो 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर योद्धा और रेवाड़ी के राजा राव तुला राम सिंह के बलिदान को समर्पित है। चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें वर्ष 1954 में 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया था।





कुरुक्षेत्र। गांवों में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अशोक अरोड़ा।

### जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोड़ा ने लोगों का जताया आभार

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने हलके के लगभग एक दर्जन गांवों में जनसंवाद करके लोगों की समस्याओं को सुना और मौके से ही समस्याओं का निपटारा करने के आदेश अधिकारियों को दिए। अरोड़ा ने गांव दयालपुर, समसीपुर, किरमिच, हथीरा, झिंझरपुर, घराड़सी, पिंडारसी, बारना, बारवा, कैंथलाखुर्द और मिजार्पुर में पहुंचकर चुनाव में विजयी बनाने के लिए मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि बेशक हरियाणा में भाजपा की सरकार है पर थानेसर हलके की जनता ने कांग्रेस को वोट देकर उन्हें इस हलके से पांचवीं बार विधायक बनाया है, जो विश्वास व आशीर्वाद जनता ने उनमें प्रकट किया है। उसके लिए वह हलके की जनता का अहसान कभी नहीं भूलेंगे। इस अवसर पर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, नगर पार्षद मन्नू जैन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष पाली, जिला परिषद के सदस्य सुरेश वाल्मीकि, जिला परिषद के पूर्व सदस्य चंद्रभान वाल्मीकि, युवा कांग्रेसी नेता सुनील राणा, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी इन कार्यक्रमों में उपस्थित रहे।

# यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने पदक विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

- इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाडवा

यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने मलेशिया में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरपंच संगठन के प्रधान जितेंद्र खैरा ने कार्यक्रम के मुख्य अध्यक्ष जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार रहे। संगठन के प्रधान विजय भूषण तनेजा ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत सत्कार किया तथा संगठन के खेल तथा सामाजिक कार्यों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र खैरा तथा अध्यक्ष जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने विजेता खिलाड़ियों के गले में मेडल पहनाकर उनका मान सम्मान किया। इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष सरपंच बपदी राजेंद्र, कैशियर डॉक्टर अमित बंगा, प्रेस प्रवक्ता मुकेश शर्मा, चौधरी जितेंद्र, राजन कक्कड़, प्रधान अग्रवाल सभा विकास सिंगल, पार्षद हनी शर्मा, बृजमोहन शर्मा, सुमित गर्ग, विजय चौधरी, सर्वजीत सिंह, मोहित सैनी, गुलाब सिंह,राम कुमार खाखट, एडवोकेट सुखबीर बपदी,जयप्रकाश, संजय गर्ग, साहिल अडेन, प्रतीक सेठी, दर्शन प्रजापत, लालचंद नंबरदार, भगवान दास वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।



लाडवा। यूथ स्पोर्ट्स एसो. के अध्यक्ष को फूलों का गुलदस्ते से नवाजते हुए।

### राजकीय विद्यालय डीग ने 10वीं के परीक्षा परिणाम में फहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीग ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 2024-25 के वार्षिक परीक्षा परिणाम में नया रिकॉर्ड बनाया। कक्षा बारहवीं के 23 छात्रों में से 22 पास व 1 छात्र ने 1 विषय में कंपार्टमेंट के साथ 100% परीक्षा परिणाम प्राप्त किया। 6 छात्रों ने मेरिट व 10 छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। छात्रा निकिता पुत्री रमेश चंद ने 452/500, भारती पुत्री अशोक कुमार ने 450/500 और कीर्तन पुत्री राकेश कुमार ने 434/500 अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार दसवीं कक्षा में कुल 30 छात्रों में 28 पास व 2 कंपार्टमेंट के साथ 100% परीक्षा परिणाम प्राप्त किया। छात्रों ने 2 मेरिट व 10 प्रथम श्रेणी प्राप्त की। छात्रा वंशिका पुत्री राजिंद्र कुमार ने 395/500, कशिश पुत्री हरदीप सिंह ने 377/500 व आरती पुत्री श्री लालू राम ने 359/500 अंकों के साथ प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य सुखदेव सिंह बांकुरा ने इस परिणाम के लिए सभी अध्यापकों व छात्रों के कठोर परिश्रम, लगन व अनुशासन का फल बताया। साथ ही विद्यालय की एसएमसी प्रधान गुरजीत कौर, उप प्रधान मेनका व सदस्यों चंद्र भान, महिंद्र सिंह, श्रीमती मीनाक्षी, धर्मपाल, कुलविंदर व सरपंच नेहा और उनके पति सुमित व प्रदीप शर्मा के सहयोग से इस परिणाम को प्राप्त किया।



### सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र को 7 वर्ष पूर्ण होने पर दी बधाई

**कुरुक्षेत्र।** रोटी बैंक के संस्थापक सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र को आज बधाई दी है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक की स्थापना सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी श्रीकांत जाधव साहेब ने 2017 में की थी। उनके दिशानिर्देशों से ही कुरुक्षेत्र में रोटी बैंक का श्रीगणेश वर्ष 16 मई 2018 में किया गया था। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के महासचिव कर्म चंद ने बताया कि वे प्रतिदिन अपनी उपस्थिति में भोजन तैयार करवाते हैं और भोजन वितरण के लिए ई रिक्शा के साथ चलते हैं। रोटी बैंक के साथ न केवल पुलिस कर्मचारी जुड़े हैं, अपितु जनता के लोगों द्वारा बहुत अधिक सहयोग किया जा रहा है। मुख्य रूप से सहयोगियों में पदाधिकारी राजकुमारी पंवार, भारतेन्दु हरीश, नरेश सैनी, कर्म चंद, पंकज ठकराल, सूरज कमल सेठ, नरेश मेहता, डॉ. एम.एम सिंह, विश्व बेदी, डॉ. अरुण कुमार धीमान आदि हैं। मासिक सहयोग करने के साथ साथ अनेक सेवाभावी लोग रोटी बैंक से जुड़ कर अपने जन्म दिन, वर्षगांठ और पुण्यतिथि आदि पर भोजन परोसते हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि आज दोपहर में नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में भोजन वितरण किया गया।

**कार्यक्रम** डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

# साइलेंट किलर रुपी उच्च रक्तचाप से रहें सावधान : डॉ हिमांशु जैन

कैंप में 104 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन की जांच कर फ्री दवाइयां दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा निशुल्क सामान्य चिकित्सा शिविर श्री भगवान परशुराम धर्मशाला गांव संधीर में लगाया गया। हॉस्पिटल के निदेशक एवं ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने उच्च रक्तचाप पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 46% लोगों को अपने बढ़े हुए ब्लड प्रेशर की जानकारी नहीं होती, जिस कारण इसे साइलेंट किलर के नाम से जाना जाता है। उच्च रक्तचाप के लक्षण, कारण उपचार व सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश करते हुए डॉ जैन ने कहा कि सिर दर्द, चक्कर आना, नजर कमजोर, थकान का अनुभव होना, छाती में दर्द, नाक में खून आना लक्षण देखने को मिलते है। असंतुलित आहार नमक का अधिक सेवन, जंक फूड, तली भुनी हुई चीजों का अधिक सेवन, शराब, धूम्रपान, तनाव, अपर्याप्त नींद, मोटापा, शारीरिक गतिविधियों में कमी इन सब कारणों से ब्लड प्रेशर बढ़ता है। इन्हीं कारणों को ठीक करने से बढ़ा हुआ उच्च रक्तचाप कंट्रोल में रहता है। इसके लिए ध्यान, योग, प्राणायाम करने चाहिए। डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 2001वें निशुल्क कैंप में 104 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। इस दौरान अवधबिहारी दास, सीताराम मंदिर बड़सालु, राकेश शर्मा, राजकृष्ण शर्मा, प्रदीप सीकरी, मोनिका कोऑर्डिनेटर, अंजू जी.एन.एम., दीपांशु यादव, रिया, प्रवीण, इत्यादि ने योगदान दिया।



### स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आज की जरूरत

*जैसे विषय पर जागरूकता फैलाना आज समय की सबसे बड़ी जरूरत है। हम चाहते हैं कि हर ग्रामीण व्यक्ति समय रहते जांच और परामर्श ले सके। त्यागी आश्रम के संचालक राम कृपालु दास ने कैंप में आए सभी चिकित्सकों के लिए जलपान व भोजन की व्यवस्था करवाई।*

### बाबा श्रवणनाथ स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा सत प्रतिशत



**पिहोवा।** बाबा श्रवण नाथ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इससे स्कूल में खुशी का माहौल है। भारतीय शिक्षा समिति के सचिव भूषण गौतम ने बताया कि अंग्रेजी, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, साइंस व संस्कृति, पंजाबी जैसे प्रमुख विषयों में विद्यार्थियों ने अधिकतम अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्राचार्या ने बताया कि यह सब श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव महंत रविंद्र के आशीर्वाद, बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से संभव हो पाया।

# साइकिल तिरंगा यात्रा ने दिया समाज में एकता, भाईचारे का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारतीय योग संस्थान द्वारा आयोजित की गई साइकिल तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों ने जोश एवं उत्साह के साथ हिस्सा लिया। भारतीय सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर साइकिल सवारों ने उत्साह के साथ यात्रा में लिया हिस्सा। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ महिला पुलिस थाना की एएसआई पूजा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर कनिका अग्रवाल, मीनाक्षी वालिया, अंजू सैनी, कविता और नवजीत कौर ने मुख्य अतिथि का पारंपरिक रूप से पटका पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। इस उपरांत साइकिल तिरंगा यात्रा में शामिल सभी योग साधकों और नगरवासियों को भी तिलक लगाया गया जिससे देशभक्ति का वातावरण और भी भावविभोर हो गया। इस अवसर पर एएसआई पूजा ने कहा कि इस यात्रा में शामिल बच्चों, महिलाओं, युवाओं, पुरुषों तथा बुजुर्गों ने जोश एवं उत्साह से भाग लेकर यह दिखा दिया है कि हम सब भारतीय एक है और हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमें जोड़ता है। हमें अपनी सेनाओं के शौर्य और पराक्रम पर गर्व है जिसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान सफलता पूर्वक आंतकवादियों को उनके ठिकानों में धवस्त करने का काम किया है। भारतीय योग संस्थान के जॉन प्रधान संजय धीमान ने यात्रा के सफल आयोजन हेतु बच्चों, महिलाओं, नगरवासियों, दूधली प्राचीन शिव मंदिर समिति, हुसैनी ग्राम पंचायत तथा श्री कृष्ण गोशाला प्रबंधन समिति का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति और बच्चों की भागीदारी ने इस यात्रा को और भी गौरवशाली बना दिया।






साइकिल यात्रा में भाग ले रहे अहलुवालिया सभा के प्रधान मुकेश वालिया ने कहा कि भारतीय योग संस्थान द्वारा साइकिल तिरंगा यात्रा का आयोजन करके समाज में एकता, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया है। बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट राजबीर सिंह रामपुर ने कहा कि साइकिल तिरंगा यात्रा से लोगों में जोश एवं उत्साह भरने का काम किया है। तिरंगा यात्रा नागरिकों के लिए सांस्कृतिक एवं भावनात्मक जुड़ाव है। हवलदार नवजीत कौर ने बताया कि उन्हें तिरंगा यात्रा की जानकारी मिली तो वे अपने आपको इस यात्रा में शामिल होने से रोक नहीं पाई। वे अपने बेटे के साथ इस यात्रा में भाग ले रही है। अध्यापिका रीटा ने कहा कि योग ने हमें अनुशासन और संयम सिखाया है, राष्ट्र ध्वज तिरंगे ने हमें एकजुटता का पाठ पढ़ाया है।

## यात्रा के दौरान शहीद कृष्ण चंद वालिया लांस नायक की प्रतिमा को नमन किया

यात्रा के पहले पड़ाव पर नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया पार्क के पास स्थित शहीद कृष्ण चंद वालिया, लांस नायक की प्रतिमा को नमन किया गया। इसके उपरांत नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर नेता जी की प्रतिमा को नमन कर यात्रा आगे रवाना हुई। यात्रा साईं मंदिर से होते हुए प्राचीन शिव मंदिर दूधली पहुंची जहां बार एसोसिएशन के प्रधान राजबीर सिंह ने यात्रा का स्वागत किया। यहां पर नंबरदार भूपेन्द्र सिंह, गोपी हुसैनी सहित ग्रामवासियों ने भी उत्साह एवं जोश के साथ यात्रा का स्वागत किया। गांव हुसैनी में पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र, पूर्व सरपंच रामकरण, नरेंद्र सिंह बबली, कमलदीप भट्टी सहित अन्य ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। श्री कृष्ण गोशाला पहुंचने पर प्रबंधन समिति के सदस्य पार्षद प्रदीप गोयल, भगत रामकुमार रामू, पंकज सागर तथा मुकेश सहित अन्य सदस्यों ने सेना के शौर्य की जयकारों के साथ योग साधकों एवं यात्रा के प्रतिभागियों का अभिनंदन किया।

### इन्होंने किया सेना के शौर्य को सलाम

इस अवसर पर केंद्र प्रमुख राजेश शर्मा, योग साधक मनोज वालिया, राजेश वर्मा, धर्मवीर कौशिक, एडवोकेट लाजपत भारांपुर, हरीश शर्मा, अजीत त्यागी, रामनाथ धीमान, पंडित रमाशंकर, अजय धीमान, अमित वालिया, मानसिंह, सुरेश गोयल, कनिका अग्रवाल, मीनाक्षी वालिया, नीलम, ईशा टंडन, नरेंद्र, नविता, हरिवंश,रेणुका, संजय, तेजस वालिया, नैतिक, वैभव, अन्वी, मानवी, वैभव ने सेना के शौर्य को सलाम किया।

## खबर संक्षेप

### महक को फिजिकल में मिले शत प्रतिशत नंबर

**बराड़ा।** राजकीय उच्च विद्यालय सोहाता का इस वर्ष का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100% रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा 10 वी में स्तुति प्रयाग ने 407 अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया तो वहीं, लगन ने 400 अंक लेकर दूसरा स्थान पाया और श्रुति ने 399 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। महक ने हेल्थ एंड फिजिकल एजुकेशन विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

### कक्षा दसवीं के 16 छात्र रहे मेरिट में

**बराड़ा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव थंबड़ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं की छात्रा रजनी ने 381 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आरजू ने 378 अंक लेकर द्वितीय स्थान तो वहीं सिमरन अंटवाल ने 377 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन तीनों विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। विद्यालय की कुल 16 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

### अधोया से व्यक्ति हुआ लापता, सुराग नहीं

**बराड़ा।** गांव अधोया मुसलमान से एक व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। गांव की महिला नीलम ने थाना बराड़ा में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके पति प्रदीप कुमार 16 मई 2025 की सुबह लगभग 5 बजे बिना किसी को कुछ बताए घर से चले गए और अब तक उन्होंने अपने तौर पर तलाश की लेकिन उनके बारे में कोई भी सुराग नहीं लग पाया है।

### शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बराड़ा।** पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब की बोतलें बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बराड़ा का बलविंद्र कुमार सरकपुर रोड से बराड़ा की ओर अवैध शराब बेचने के लिये आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया।

# मुख्य अभियंता ने ट्विन सिटी में चल रहे विकास कार्यों का किया मुआयना

## बरसाती सीजन से पहले बाढ़ से निपटने की कसरत, सफाई कार्य जोरों पर चल रहा

अधीक्षक अभियंता ने बताया कि अंबाला के दोनों शहर घग्गर और टांगरी नदी के बीच पड़ते हैं । यहां पर बाढ़ व जल भराव की स्थिति की आशंका बनी रहती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** बाढ़ से निपटने के लिए चल रहे कार्य का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता। फोटो : हरिभूमि

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता राजीव बातिश ने रविवार को अंबाला छावनी सदर और अंबाला शहर में बाढ़ से निपटने के लिए किए जा रहे प्रबंधों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में होने वाले जल भराव या बाढ़ की स्थिति से बचने के लिए पहले ही तैयारी करना बेहद आवश्यक होता है ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की बाढ़ से बचने के लिए जो गतिविधियां एवं कार्य किए जा रहे हैं उसका बारीकी से निरीक्षण किया। मुख्य अभियंता ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का बाढ़ रोकथाम में एक महत्वपूर्ण योगदान होता है। विभाग जल प्रबंधन और जल निकासी प्रणाली के विकास के माध्यम से बाढ़ को कम करने में मदद करता है। शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी के लिए नालियां और अन्य संरचनाएं बनाता है। बाढ़ के जोखिम को कम करने और बाढ़ से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय करता है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की भूमिका जल प्रबंधन, जल निकासी प्रणाली के विकास और बाढ़ चेतावनी प्रणाली में महत्वपूर्ण है। इस मौके पर विभाग के अधीक्षक अभियंता अरविंद रोहिल्ला ने बताया कि अंबाला के दोनों शहर घग्गर और टांगरी नदी के बीच पड़ते हैं जिस कारण यहां पर बाढ़ व जल भराव की स्थिति की आशंका बनी रहती है। इसी आशंका को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पहले से ही अपनी सभी तैयारियों को दुरूस्त कर लिया है ताकि यदि ऐसी कोई स्थिति बनती है तो समय रहते उससे निपटा जा सके। आमजन को जल भराव की स्थिति का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता राजीव बातिश ने उन सभी स्थानों का दौरा किया गया जो मुख्य रूप से बाढ़ से प्रभावित रहते हैं। यहां पर जल भराव की स्थिति होती है। इस मौके पर उन्होंने पंप सैट हाउस के साथ-साथ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को उचित रखरखाव, प्रबंधन व संयंत्रों के बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अंबाला सदर के कार्यकारी अभियंता हरभजन सिंह, अंबाला शहर के कार्यकारी अभियंता करणवीर सिंह, विभाग के उप मंडल अभियंता व कनिष्ठ अभियंता विशेष रूप से मौजूद रहे।



## तिरंगा यात्रा में शामिल हुए जीएमएन कॉलेज के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऑपरेशन सिंदूर की विजय के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक 'तिरंगा' के सम्मान में रविवार को सरकारी पीजी कॉलेज अंबाला छावनी से भव्य तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्राचार्य डॉ रोहित दत्त की अगुवाई में जीएमएन. कॉलेज के छात्रों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। कॉलेज की ओर से 25 बॉयज़ कैडेट्स एनओ डॉ. एसएस नैन के निर्देशन में रैली में शामिल हुए जबकि 39 गर्ल्स कैडेट्स, उनके सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा के नेतृत्व में उपस्थित रहीं। खेल शिक्षक बृजेश ने भी सहभागिता दर्ज करवाई। एनएसएस इकाइयों से डॉ. सरोज और डॉ. अनीश के मार्गदर्शन में कुल 55 स्वयंसेवकों ने रैली में भाग लिया। कॉलेज के शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे।

# लालकुर्ती बाजार में गंदे पानी की समस्या, नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- वार्ड 19 के कुंज विहार में भी ऐसी ही परेशानी
- वार्ड सदस्य ने क्षेत्र का दौरा करके दिया था समस्या के समाधान का आश्वासन
- नप कार्यालय में ही शिकायत केंद्र का प्रबंध करने की मांग

गर्मी शुरू होते ही लोगों को गंदे पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पहले यह समस्या लालकुर्ती बाजार की थी। अब वार्ड 19 के कुंज विहार में भी ऐसी ही परेशानी है। जनस्वास्थ्य विभाग सहित नगर परिषद में शिकायत देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। हालांकि वार्ड सदस्य ने क्षेत्र का दौरा करके समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। यहां के रहने वाले नीरू, पवन, अरविंद, पुष्पा, निशा, कुणाल और शशि ने बताया कि पिछले काफी दिनों से घरों में गंदा पानी आ रहा है।

### खरीदकर पीना पड़ रहा पानी

इस कारण उन्हें काफी दिक्कत हो रही है। मजबूरन पानी को खरीदकर पीना पड़ रहा है। गंदे पानी का इस्तेमाल करने से लोग पेट की बीमारी से जूझ रहे हैं। गर परिषद कार्यालय में हो शिकायत केंद्र लोगों ने बताया कि पानी के बिल जमा कराने के लिए उन्हें नगर परिषद कार्यालय जाना पड़ता है लेकिन पानी से संबंधित शिकायत के लिए या तो 12 क्रॉस रोड कार्यालय पर या फिर पटेल पार्क के पास कार्यालय जाना पड़ता है जोकि सबसे बड़ी परेशानी का कारण है। इसलिए विभाग को आमजन की इस परेशानी का समाधान करते हुए नगर परिषद कार्यालय में ही शिकायत केंद्र का प्रबंध करना चाहिए।

# ऑपरेशन आक्रमण के दौरान 43 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 84 वाहनों के चालान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के आदेश पर पुलिस की ओर से ऑप्रेशन आक्रमण चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 43 आरोपियों को काबू किया गया। ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान मे पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तरं पर कुल 66 टीमों का गठन किया गया था जिसमें 324 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग.अलग मामलों में उपलब्धि हासिल की है.

कार्रवाई में चोरी के मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 1 नेकलेस 2 गोल्ड रिंग 55 ग्राम गोल्ड 200 ग्राम सिल्वर 1 मोबाइल फोन व 2 मोटरसाइकिल बरामद कर सफलता हासिल की गई है। लड़ाई झगड़े के मामलों में भी सात आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस अंबाला ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत गलत दिशा में चल रहे 84 वाहनों के चालान भी किए।

आबकारी अधिनियम के तहत 3 मामले दर्ज करते हुए उनमें 03 आरोपियों को काबू कर उनसे 25 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। मादक पदार्थ तस्करी के 1 मामले में 1 आरोपी को काबू कर 1किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया गयाए अवैध हथियार तस्करी के मामले में 1 आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है जुआ अधिनियम के तहत दर्ज 11 मामलों में 11 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे जुआ एवं सट्टा में लगाई गई 21570 रुपये की राशि बरामद की गई है।



- आरोपियों से सोना चांदी की ज्वेलरी, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन के साथ जब्त किए मादक पदार्थ

### उद्घोषित अपराधी दबोचा

पुलिस ने 1 उद्घोषित अपराधी तथा 7 बेल जंपरों को भी दबोचने में सफलता प्राप्त की जो काफी लंबे अरसे से पुलिस गिरफ्त से फरार चले हुए थे। सभी मामलों में आरोपियो के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कानूनी कार्यवाही अमल में लाई गई । इस प्रकार पुलिस ने विभिन्न थानों में दर्ज मामलों में 43 आरोपियों को दबोच ऑपरेशन आक्रमण के तहत कार्रवाई की गई। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा बेचने वालों की सूचना हेल्पलाइन नंबर 9729990117 पर दें । पता व जानकारी बतानें वालें व्यक्ति का नाम पता गुप्त रखा जायेगा।

### चोरी के मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने अमृतसर पंजाब की रहने वाली आरोपी महिला को गिरफ्तार कर दो सोना अंगूठी बरामद की गई हैं। पता चला है कि आरोपी महिला आदतन अपराधी है। उसके विरूद्ध पंजाब में लुट,हत्या का प्रयास करने,लडाई झगडे तथा अवैध हथियार रखने के लगभग 6 मामले दर्ज है। परिवादी जितेंद्र ने 30 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि मेन बाजार शिवा ज्वैलर्स पर एक लडकी सोने की अंगूठियां लेने के लिए आई थी। उसने दो असली अंगूठियों को निकाल कर उनकी जगह दो नकली अंगूठियां लगा दी थी । इसके बाद युवती फरार हो गई। इसके बाद पुलिसं ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी दिलप्रीत सिंह उर्फ दिल्लू व सिमरनजीत सिंह उर्फ सिम्मू को गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में भी पुलिस ने आरोपियों से चोरी की गई मोटरसाईकिल बरामद की गई है। इंद्रपुरी के अजय कुमार ने 11 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कंच घर पुल के नीचे से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

रामबीर चौहान ने 66वीं बार और अमित सैनी-अमन गर्ग ने 25वीं बार कमाया पुण्य

# सेना के सम्मान में शिविर, 72 लोगों ने किया रक्तदान

- डीएसपी सुरेश कुमार ने रक्तदाताओं को किया सम्मानित, पुलिसकर्मियों ने भी किया ब्लड डोनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रयास समाज सेवा संस्थान द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में रविवार को अग्रवाल धर्मशालामें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह संस्था द्वारा आयोजित 49वां रक्तदान शिविर था, जिसमें कुल 72 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ डीएसपी सुरेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

इस दौरान उनके साथ एसएचओ प्रमोद सिंह व चौकी इंचार्ज विश्वबंधु विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान प्रयास प्रवक्ता एडवोकेट संदीप सैनी ने बताया कि संस्था के वरिष्ठ सदस्य जंगबीर राणा व रामचंद्र सैनी के नेतृत्व में यह शिविर सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में प्रयास प्रधान विशाल सिंगला, उपप्रधान कुलदीप गुप्ता, महासचिव सुनील जैन, डिम्पल राणा तथा महिला सदस्य मोनिका कालडा, नीति जैन और कुसुम चौहान विशेष रूप से मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि डीएसपी सुरेश कुमार ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है और इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं। साथ ही उन्होंने प्रयास संस्था की समाजसेवा की सराहना करते हुए युवाओं की जागरूकता की प्रशंसा की।

प्रयास प्रधान विशाल सिंगला ने बताया कि यह शिविर भारतीय सेना के सम्मान में लगाया गया था। उन्होंने कहा कि बल्ड बैंक में रक्त की कमी और सीमाओं पर तनाव की स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने देशभक्ति का परिचय देते हुए 72 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में डॉ. भारती के नेतृत्व में सिविल अस्पताल अंबाला शहर की टीम ने प्रमुख भूमिका निभाई। खास बात यह रही कि एसएचओ प्रमोद सिंह, चौकी इंचार्ज विश्वबंधु समेत कई पुलिसकर्मियों ने भी रक्तदान किया।




### रणदीप राणा ने 15वीं बार रक्तदान किया

इस अवसर पर रामबीर चौहान ने 66वीं बार रक्तदान किया तो अमित सैनी व अमन गर्ग ने (25वीं बार), साहिल मेहता, मिंकू कक्कड़, राजेश छाबड़ा, हरदीप सैनी, रणदीप राणा ने (15वीं बार), अक्षय गर्ग, कुमार गर्ग, राजू भराड़ा, हर्ष तायल ने (12वीं बार), राहुल सैनी ने (8वीं बार), विकास सिंगला व विजेंद्र बंसल ने (7वीं बार) एवं हार्दिक गर्ग, मुकेश गोयल, गौरव सैनी और अनीश गोयल ने (दूसरी बार) रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त हरजीत सिंह, बलबीर सिंह, परवीन चौहान गेल्डी, अमित सैनी, महावीर सैनी, स्वदेश सज्जन माजरी, सन्नी सिंह, पवन कश्यप, विनय भटनागर, राजीव राणा, राजीव मदान और शुभम बंसल ने भी रक्तदान कर भारतीय सेना को सम्मान अर्पित किया। इस अवसर पर बराड़ा मंडल प्रधान डिम्पल राणा, रजनीश मेहता, संदीप गर्ग, विक्रम राणा (अलीपुर), मुकेश मित्तल, राजिंदर राणा, मंगा थंबड़, हरीश उगाला, जितेन्द्र सिंह पानसर, डिम्पल गर्ग, सुरेन्द्र राणा, जसविंद्र सुहाता, सोहन लाल सैनी, सैम मेहता, रिंकू प्रधान और कृष्णा सिंगला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।